(i) not to grant licences for manufacturing electronic teleprinters to other manufacturers and revoke those already issued;

(ii) not to give licence to manufacture electronic typewriters to any other manufacturers;

(iii) restrict computerisation and automation in those areas where human safety is jeopardised; and

(iv) early settlement of wage revision with introduction of pension schemes.

(c) The suggestions made in the memorandum have been taken note **of.**

राजस्थान राज्य बिजली बोर्ड के लिये केबलों की खरीद में घोटाला

17. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 2 अप्रैल, 1988 के नवभारत टाइम्स में प्रकाशित समाचार की ओर दिलाया गया है जिसका शीर्षक था "तारों की खरीद में 30 लाख का घोटाला"; और

(ख) यदि हां, तो ए सी एस आर पैंथर कंडक्टर (अल्युमिनियम के मोटे तार) की राजस्थान राज्य बिजली बोर्ड द्वारा करीब चार करोड़ रुपये की खरीद में अन्तर्ग्रस्त दोषी व्यक्तियों के खिलाफ क्या कार्यवाही की गई है?

ऊर्जा मंत्रालय में विद्युत विभाग में राज्य मंत्री (श्रीमती सुशीला रोहतगी) : (क) जी, हां।

(ख) राजस्थान राज्य बिजली बोर्ड से प्राप्त सूचना के अनुसार, समाचार पत्र में लगाए गए आरोपों की जांच की गई है और इन्हें आधारहीन पाया गया है।

पब्लिक टेलीफोन बूथों में एक रुपए के सिक्के का डाला जाना

18. **श्री संतोष बागड़ोदिया** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि पब्लिक टेलीफोन बूथ पर अब बढ़े हुए रेट के आधार पर 50 पैसे के एक सिक्के के बजाय 50 पैसे के दो सिक्के डालने होंगे;

(ख) क्या उनका विभाग ग्राहकों की आसानी के लिये पब्लिक टेलीफोन बूथ पर 50 पैसे के दो सिक्के की जगह एक रुपये का एक सिक्का डालने की सुविधा देने पर विचार कर रहा है क्योंकि 50 पैसे के सिक्के आसानी से उपलब्ध नहीं होते; और

(ग) यदि हां, तो यह सुविधा कब तक प्रदान कर दी जायेगी और यदि नहीं तो उसके क्या कारण हैं?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री बसंत साठे) :
(क) जी, हां।

(ख) और (ग) मौजूदा सार्वजनिक टेलीफोन, पचास-पचास पैसे के दो सिक्कों से कार्य करते रहेंगे। वैसे विभाग चालू वर्ष के दौरान सार्वजनिक टेलीफोन का नया रूप उत्तरोत्तर शुरु कर रहा है जिसमें एक रुपये का सिक्का डाला जा सकेगा।

Waiting list for telephone connections in Assam

19. SHRIMATI BIJOYA CHAKRAVARTY; Win the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) what is the number of persons on the waiting list for telephone connections in Assam as On the 31st March, 1988; and

(b) by when the list is likely to be cleared?